26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 04 दिसम्बर, 2025

अंक- 41 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# डीजीसीए के नए नियमों से हिला इंडिगो का परिचालन

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इन दिनों बड़े परिचालन संकट से जूझ रही है। बीते दो दिनों में इंडिगो की कई उड़ानें रद्द हुई है, जिससे लाखों यात्रियों को भारी परेशानी हुई। हालात ये रहे कि डीजीसीए ने इंडिगो के शीर्ष अधिकारियों को तलब कर जवाब मांगा है। इंडिगो ने डीजीसीए के एफडीटीएल नियमों के साथ ही तकनीकी गड़बड़ी को भी इस समस्या की वजह बताया। साथ ही कहा कि अभी ये परेशानी शुक्रवार तक जारी रह सकती है। इंडिगो में परिचालन की समस्या की वजह डीजीसीए के नए नियम FDTL (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) हैं। दरअसल इंडिगो में क्रू की कमी है, जिसके चलते डीजीसीए के नए नियमों को लागू करना इंडिगो के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। 1 नवंबर से लागू हुए नियमों के तहत एयरलाइंस को पायलटों, फ्लाइट अटेंडेंट्स को थकान से बचाना होगा ताकि उड़ानों की सुरक्षा प्रभावित न हो।




नियमों के तहत सभी एयरलाइंस के क्रू सदस्य एक दिन में आठ घंटे से ज्यादा, हफ्ते में 35 घंटे से ज्यादा और महीने में 125 घंटे से ज्यादा और साल में एक हजार घंटे से ज्यादा उड़ान नहीं भर सकेंगे। साथ ही क्रू सदस्यों को आराम देना भी जरूरी कर दिया गया है। पायलट रात के समय दो से ज्यादा लैंडिंग नहीं करेंगे और क्रू सदस्य दो लगातार रात्रि ड्यूटी के बाद फिर से नाइट शिफ्ट नहीं करेंगे। ऐसे में क्रू की कमी से जूझ रही इंडिगो का परिचालन व्यवस्था चरमरा गया है।

## 434 विमान, 10 हजार क्रू, फिर भी सेवा रद्द

देश की बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो इस वक्त गंभीर संकट से गुजर रही है। इसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ रहा है। जिन्हें लगातार उड़ानें रद्द होने और देरी की समस्या झेलनी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों में हालात इतने बिगड़े कि देश के 8 एयरपोर्ट्स पर 100 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ीं। इससे हजारों यात्री फंस गए और उनकी यात्रा प्लानिंग बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। वहीं, इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण का असर हवाई किराए पर भी दिख रहा है। कई प्रमुख रूट्स पर टिकटों की कीमतें अचानक कई गुना बढ़ गई हैं, जिससे यात्रियों की जेब पर और ज्यादा बोझ बढ़ गया है। इन दिनों बड़ी संख्या में यात्री क्रिसमस और नए साल की छुट्टियां मनाने विभिन्न हिस्सों में यात्रा कर रहे हैं। इंडिगो के पास देश में सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट बेड़ा है।

## बाबरी जैसी मस्जिद बनाने को लेकर हुमायूं कबीर टीएमसी से निलंबित



मुर्शिदाबाद (एजेंसी/चिंगारी)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने को लेकर छह दिसंबर को आयोजन का एलान करने वाले हुमायूं कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने निलंबित कर दिया है। अपने निलंबन को लेकर विधायक हुमायूं ने भी टीएमसी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मैं कल ही पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा। अगर जरूरत पड़ी तो 22 दिसंबर को मैं नई पार्टी का एलान करूंगा। कोलकाता के मेयर और टीएमसी के कद्दावर नेता फिरहाद हकीम ने हुमायूं कबीर के निलंबन की जानकारी देते हुए कहा, हमने गौर किया कि मुर्शिदाबाद से आने वाले हमारे एक विधायक ने एलान किया है कि वे बाबरी मस्जिद बनाएंगे। आखिर अचानक बाबरी मस्जिद क्यों? हमने उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी। हमारी पार्टी के फैसले के मुताबिक, हम हुमायूं कबीर को निलंबित कर रहे हैं।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रेक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रेक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

## दो दिन की भारत यात्रा पर आज शाम दिल्ली पहुंचेंगे पुतिन

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बहु प्रतीक्षित भारत यात्रा पर आज शाम यहां पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दो दिन की यात्रा पर आ रहे श्री पुतिन का पालम हवाई अड्डा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा चार वर्ष के अंतराल पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री पुतिन के कार्यक्रमों में शुक्रवार को 23 वें भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता सबसे प्रमुख आयोजन है। सूत्रों के अनुसार श्री पुतिन यहां पहुंचने के बाद शाम को प्रधानमंत्री निवास पर श्री मोदी से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री ने उनके सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया है। इस दौरान शिखर सम्मेलन से पहले दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय , द्विपक्षीय और वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बातचीत होने की संभावना है। शुक्रवार को श्री पुतिन के आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनके पारंपरिक और भव्य स्वागत के साथ होगी।

मकान बिकाऊ

बिजनौर में चर्च के निकट, डीएम कम्पाउंड के सामने 350 वर्ग गज में बना बेहद अच्छी कंडीशन का एक मकान 46 (फ्रंट) x 68.5, 7 कमरे, बिकाऊ है। सम्पर्क करें-
मो. 9821118478, 8958177144

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025**

मेष- स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, धार्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, विवाद का समापन।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, कार्य में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति संभव, आहार विहार में नवीनता।

मिथुन- आज रात्रि 10/16 बजे तक दिनमान विपरीत, क्रोध की अधिकता, मित्रों से किसी बात को लेकर अनबन, शेष समय में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मनोरंजन में रुचि।

कर्क- आज रात्रि 10/16 बजे तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, शारीरिक सुख की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में तालमेल, शेष समय में व्यावसायिक हानि, व्यक्तिविशेष से धोखा।

सिंह- नवयोजना के प्रति रुचि जागृत, कठिनाइयों के निवारण का मार्ग प्रशस्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख।

कन्या- अधूरे व नवकार्यों हेतु प्रियजनों से विचार-विनिमय, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल।

तुला- आज रात्रि 10/16 बजे तक कठिनाइयों में वृद्धि, प्रियजनों से कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, अध्ययन में निराशा, शेष समय में आर्थिक पक्ष बेहतर, भाग्योन्नति।

वृश्चिक- आज रात्रि 10/16 बजे तक उन्नति का सुयोग, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, सद्विचारों का उदय, शेष समय में असफलता, शत्रु सक्रिय, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम।

धनु- बुद्धिचातुर्य से संकल्पसिद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम संपादित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति

मकर- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, नवीन समाचार की प्राप्ति से हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण, आपसी सम्बन्धों में सामंजस्य, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

कुम्भ- आज रात्रि 10/16 बजे तक कार्यों में अवरोध, भाग्य में न्यूनता, आत्मीयजनों से तनाव, शेष समय में विवाद का समापन, सफलता का सुयोग, नवयोजना का श्रीगणेश।

मीन- आज रात्रि 10/16 बजे तक विचारित योजना पूर्ण, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, धन लाभ का अवसर, शेष समय में प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अपूर्ण।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# छठे दिन गढ़वाल रायफल और शाहजहांपुर की टीमें जीती

**नगीना ( चिंगारी )। ऑल इण्डिया फुटबॉल फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन हुए दो मुकाबलों में गढ़वाल रायफल ने रुद्रपुर की टीम व शाहजहापुर ने देहरादून को परास्त किया।**

बुधवार को हिंदू इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित मैदान पर 'यादें खलील' नाम से हो रहे ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच गढ़वाल रायफल व रुद्रपुर के बीच खेल गया।इस मैच में गढ़वाल रायफल ने रुद्रपुर की टीम को 4-0 के भारी अंतर से एकतरफा हराकर मैच जीत लिया। दूसरा मैच शाहजहांपुर व देहरादून के बीच हुआ जिसमें शाहजहांपुर की टीम ने देहरादून को 3-0 हराकर मैच जीत लिया।मैच में रेफरी की भूमिका गोहर निसार, सुभाष कपूर उर्फ पप्पी, लाइनमैन निसार अहमद व शमशाद रहे।इस मौके पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, सचिव कुंवर अमरजीत सिंह,नौशाद अप्पा,अब्दुल समद, मंजीत विश्नोई,राकेश मिश्रा एडवोकेट, निसार अहमद,शेख़ जमशेद, चाँद भाई,काका अंसारी आदि मौजूद रहे।



**फुटबॉल को अपने पास से जाने नहीं देंगे**

**नगीना में हो रहे ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में मैच के दौरान फुटबॉल को पाने के लिए मैदान पर जद्दोजहद करते दिखे दोनों टीमों के खिलाड़ी।**



## मंत्री अनुप्रिया पटेल से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत कराया

**नगीना ( चिंगारी )। अपना दल ( एस ) के वरिष्ठ नेता अनूप वाल्मीकि उर्फ अन्नू ने केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल से कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें नगीना क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं से अवगत कराया। केंद्रीय राज्य मंत्री को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि नगीना में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।पत्र के माध्यम से सी एच सी में जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं व मशीनों को उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई।**

## खानपुर में 6 दिसम्बर को होगा सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 6 दिसम्बर को सत्येन्द्र गोयल सरस्वती शिशु मंदिर खानपुर ( नांगल ) में विद्या भारती महिला मंडल एवं विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'सप्त शक्ति संगम' का आयोजन किया जायेगा। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रामपाल सिंह भाटी ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में ज्ञानोदय , उल्लेखनीय कार्य करने वाली माताओं , बहनों का सम्मान , गीत और प्रेरक महिलाओं के व्यक्तित्व पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शक्ति की स्वरूप महिलाओं के अंदर विद्यमान सप्त शक्तियों को जागृत करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 6 दिसम्बर को अपराहन एक बजे से आरम्भ होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिये उन्होने क्षेत्रीय महिलाओं का आहवान किया है।

## अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की



बिजनौर (चिंगारी)। नगीना रोड स्थित ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पंचायत घर में फिल्म जगत के विख्यात एवं सम्मानित कलाकार धर्मेंद्र सिंह को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने में ग्राम प्रधान रशीदपुर गढ़ी सतपाल सिंह, महाराज सिंह, नीरू पहलवान, अशोक कुमार, मोहित चौधरी, संजय कुमार, अनुज कुमार, मौसम चौधरी, नीरज, योगेंद्र सिंह, प्रियंका, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर अभियान का निरीक्षण किया

नगीना (चिंगारी)। पूर्व विधायक सतीश गौतम ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 241 हरबंशपुर धारम उर्फ अलहैदादपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से प्रवासी के नाते बूथ अध्यक्ष, बी एल ओ एवं गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर लोगों को जागरुक कर कार्यक्रम के बारे में बताया उन्होंने लोगों से बी एल ओ का सहयोग कर सभी लोगों के एस आई आर फॉर्म भरवा कर शीघ्र जमा कराने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर वितरित 1180 फार्म में से 955 जमा किए जा चुके हैं, तथा 62 नाम काटे गए हैं। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज बिश्नोई,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र राठी,बूथ अध्यक्ष नथू सिंह, बी एल ओ कौशल देवी, राम गोपाल,छोटू राम,अमन सिंह, सरला देवी, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**ग्राम हरवंशपुर धारम में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण करते पूर्व विधायक सतीश गौतम।**

# ओवरहेड टैंक से पानी में हो रही 'गंदगी की आपूर्ति'

## कम्पनी और जल निगम के कानों पर जूं नहीं रेंग रही

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल सोती में ओवरहेड टैंक से होने वाली पेयजल आपूर्ति में महीनों से गंदगी आ रही है, मगर न ही आपूर्ति का काम देख रही कम्पनी के कानों पर जूं चल रही है और न ही जल निगम की सेहत पर कोई फर्क पड़ रहा है। पानी में इतनी गंदगी आ रही है कि वो बाल्टी या किसी भी पात्र की तली में जमी हुई नजर आती है।



पेयजल आपूर्ति में आ रही भारी गंदगी के कारण टोंटी पर बांधा गया कपड़ा

नांगल सोती और इससे सटे गांवों जीतपुर, खानपुर एवं शहजादपुर में नांगल सोती में स्थित नलकूप तथा ओवरहेड टैंक से पेयजल आपूर्ति होती है। जबकि क्षेत्र के गांवों सराय आलम, जालपुर, सैदपुरी, असलमपुर झोझा और अभिपुरा में भी नांगल में स्थित नलकूप से ही भूमिगत पाइप लाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति होती है। सराय आलम, जालपुर तथा सैदपुरी में ओवरहेड टैंक बने हुए हैं। कहने को तो यह पेयजल आपूर्ति है, मगर इस पानी से लोग कपड़े तक नहीं धो पा रहे हैं। पेयजल आपूर्ति में महीनों से पानी में जमा हो जाने वाली काई (जलीय शैवाल) तथा लोहे में लगने वाले जंग की आपूर्ति हो रही है , मगर आपूर्ति का कार्य देख रही कम्पनी तथा जल निगम को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

लगभग 4-5 महीने पूर्व जल निगम द्वारा नांगल के ओवरहेड टैंक तथा नलकूप की देखरेख का कार्य वीटीएल कम्पनी के हैंडओवर कर दिया गया था। तबसे पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बद से बदतर होती चली जा रही है। इस कम्पनी के द्वारा पिछले वर्ष जल जीवन मिशन योजना के तहत नांगल और इससे सटे गांवों में भूमिगत पाइप लाइन बिछाई गई थी। उस कार्य के दौरान कई जगह से पुरानी पाइप लाइन फट गई थी। वीटीएल कम्पनी द्वारा कई जगह से फूटी पड़ी पाइप लाइन को अभी तक ठीक नहीं किया गया है। जबकि दोनों पाइप लाइनों की जिम्मेदारी इसी कम्पनी के हवाले है। जल जीवन मिशन योजना का काम अधूरा पड़ा हुआ है और पुरानी पाइप लाइन को इन्होने जगह-जगह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। कई जगह पानी की आपूर्ति होती ही नहीं है।

पेयजल आपूर्ति में गंदगी आने की वजह है कि ओवरहेड टैंक की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है, जबकि नियमानुसार ओवरहेड टैंक की सफाई प्रति 6 माह में होनी चाहिये। नियमों की धज्जियां उड़ाकर लोगों को अशुद्ध पानी की आपूर्ति की जा रही है। कोई देखने वाला नहीं है, सबकुछ रामभरोसे चल रहा है। जल निगम के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से कम्पनी वालों का बहाना लेकर बचते नजर आते हैं। इस सम्बन्ध में जल निगम के जेई एम. अली से वार्ता की गयी, तो वे शुरुआत में अपनी जिम्मेदारी से बचते दिखाई दिये। बाद में उन्होने कहा कि एक-दो दिन में टैंक की सफाई कराकर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया जायेगा।

# गैस डिलीवरी मैन ने बोला झूठ, नहीं हुई थी उससे लूट

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में बुधवार शाम उस समय हड़कम्प मच गया जब एक गैस डिलीवरी करने वाले व्यक्ति ने अपने साथ हुई लूट की सूचना नगरवासियों को दी। बुधवार शाम पप्पू पुत्र मुरली भारत गैस एजेंसी के गैस सिलेंडर सप्लाई कर रहा था। पप्पू के अनुसार जैसे ही वो पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा कि दो युवक पीछे से पैदल ही आये और उसका गमछा पकड़कर खींचा और उसकी जेब में रखे करीब 19000 रुपये निकाल लिये। सूचना पर मौके पर झालू चौकी पुलिस पहुंची और सीसीटीवी की फुटेज चैक की। पुलिस को घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हुई। जिसके बाद डिलीवरी मैन पप्पू से पुलिस ने दुबारा पूछताछ की। देर रात सीओ सिटी संग्राम सिंह ने अपनी एक बाइट के माध्यम से बताया कि लूट की यह घटना झूठी दी। डिलीवरी मैन पप्पू से पैसे कहीं गुम हो गये थे, उसको यह पैसे गैस एजेंसी पर जमा करने पड़ते। उसको पैसे न देने पड़े,इसलिए उसने यह सब भ्रामक बाते फैलायी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# सर्दी का प्रकोप बढ़ा जनजीवन पर असर पड़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिसंबर शुरू होते ही ठंड का कहर भी शुरू हो गया है। ठंडी हवा ने गलन बढ़ा दी है। आज आसमान में बादल होने से धूप का असर कम है, जिसके चलते ठंड और बढ़ गई है। अभी तक दिन का भी गर्म हो रहा था लेकिन आज हल्की शीतलहर चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दिनों में सर्दी व शीतलहर का प्रकोप बढ़ेगा। रात में पारा पिछले कई दिनों से काफी कम है। आने वाले दिनों में तापमान और गिरने की संभावना जताई जा रही है। सर्दी बढ़ते ही गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ गई है। बिजनौर में कल बुध बाजार में भारी भीड़ रही। लोगों ने विशेषकर गर्म कपड़ों की खरीदारी की। सर्दी बढ़ने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों की तादाद भी कम होने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.8 और न्यूनतम 4.5 डिग्री रहा था। इस तरह एक दिन में पारे में करीब 1.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। नगीना स्थित कृषि वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि अगले कुछ दिनों में रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
आवश्यकता है कुशल सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल की
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

## सहकारिता से समृद्धि-2

हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है, तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाये तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है।

# पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियां

# भाजपा कितनी मजबूत?

**▶▶ विजय मिश्रा**

**पश्चिम बंगाल में अभी चुनाव होने में एक साल है, लेकिन जिस तरह से बिहार चुनाव के रिजल्ट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में पश्चिम बंगाल का नाम क्या लिया, अब चर्चा पश्चिमी बंगाल की छिड़ गई है। भाजपा ने अभी से इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।**

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद कई राज्यों में चुनाव होने हैं, उन राज्यों के लिए बीजेपी ने अपने राजनीतिक आधार के मजबूत होने का दावा करना शुरू कर दिया है। बिहार चुनाव के बाद प्रधानमंत्री का इशारा मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के नेता अब पश्चिम बंगाल जीतने का दावा कर रहे हैं। बिहार में जिस तरह के चुनाव परिणाम आए हैं, वह भारतीय जनता पार्टी के लिए नई रणनीति का नया स्वरूप जरूर खड़ा कर रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी 2026 के मार्च-अप्रैल महीने में होने वाले पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अभी से जीत का दावा करना शुरू कर चुकी है। लंबे समय से इंतजार कर रही भाजपा का इस बार बिहार विजय चुनाव ने कई नये राजनीतिक समीकरण गढ़ दिये, अब तक राजनीतिक समीक्षक इस बात को मानते रहे थे कि देश में जो शहरी विधानसभा सीटे हैं उनको बीजेपी आसानी से जीत लेती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी बीजेपी की उतनी मजबूत पकड़ नहीं है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड ने गठबंधन के नये आधार को खड़ा कर दिया। बिहार में जिस वोट बैंक पर परंपरागत वोट बैंक की बात होती थी, वो दावा भी टूट गया। उदाहरण के तौर पर देखे तो इस बार बिहार कब शहरी क्षेत्र के तीस में 29 सीट जीती, सेमी अर्बन में 12 सीट में 8 सीट पर जीत हासिल हुई, वहीं 201 ग्रामीण सीट में 167 सीट एनडीए के खाते में गई। कुल 243 में 202 सीट एनडीए के खाते में रही। और सबसे खास बात यह जेडीयू के साथ रहने के कारण उन सीट पर भी जीत मिली, जिसमें जातीय समीकरण में मुस्लिम वोटर थे, आंकड़ों की बात करें तो पसमांदा समाज के करीब 5 प्रतिशत वोट भी इस बार एनडीए के खाते में रहा तो वही सामान्य मुसलमान के भी 5 प्रतिशत से ज्यादा वोट एनडीए खिंचने में सफल रही जिसका श्रेय नीतीश का साथ रहना बताया गया




अब बात करते हैं पश्चिम बंगाल की। बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी लड़ाई ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को एक चुनावी जंग में तब्दील कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी में से किसका पलड़ा भारी यह तो 2026 के चुनाव ही बताएंगे, लेकिन जो चुनावी समीकरण इससे पहले रहे उसकी बात करते है। बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी लड़ाई ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को एक चुनावी जंग में तब्दील कर दिया है। एक तरफ़ जहां बीजेपी की तरफ़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में बीजेपी अपनी पूरी ताक़त झोंकने की बात कह रही है तो, वहीं दूसरी ओर टीएमसी की सबसे जुझारू नेता ममता बनर्जी अपनी रणनीति के सहारे अपनी सत्ता बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। अब सवाल है क्या बंग की जंग में बीजेपी टीएमसी के क़िले में सेंध लगा पाएगी या सिर्फ़ हवा बनाने की कोशिश कर रही है और क्या अंत में तृणमूल कांग्रेस की ही बड़ी जीत होने वाली है?

कई ऐसे पहलू हैं जिससे ऐसा लगता है कि बीजेपी के लिए बंगाल चुनाव उतना आसान नहीं होने जा रहा। पिछले चुनाव की बात करे तो भाजपा की ध्रुवीकरण की राजनीति यहां पर फेल हो गई थी आपको बता दें पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में सीएए लागू करने का वादा कर साफ़ कर दिया है कि वह राज्य में अपने एजेंडे पर पूरी तरह क़ायम है और उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इस बार भी पार्टी के चुनाव प्रचारक अपने अभियान में इस पर जोर दे रहे हैं। पर बीजेपी का ब्रह्मास्त्र (ध्रुवीकरण) अब तक यहां पर ज़मीनी स्तर पर उतना कारगर होता नहीं दिख रहा है जितना बीजेपी के थिंक टैंक को उम्मीद है। कुछ क्षेत्रों को छोड़ दें (मुर्शिदाबाद, मालदा, ब्रह्मपुर, हुगली) तो मुसलमान तबक़े का समर्थन ममता बनर्जी को एकतरफ़ा मिलता हुआ दिख रहा है। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण नंदीग्राम है जहाँ ममता को मुसलमान तबक़े का मत एकतरफ़ा मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ़ हिंदू तबक़े में विभाजन साफ़ देखा जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि अभी भी स्थानीय बंगालियों में ममता के प्रति झुकाव बना हुआ है। वही दूसरा सबसे बड़ा कारण है विपक्षी दलों का ममता को सहयोग मिलना। आपने देखा होगा , कांग्रेस और लेफ्ट उसी क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहाँ उन्हें जीतने की उम्मीद सबसे ज़्यादा है। कांग्रेस नहीं चाहती है कि उसके कारण ममता के मतों में विभाजन हो, खासकर अल्पसंख्यक तबक़े का, और इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि राहुल गांधी या कांग्रेस के किसी भी बड़े राष्ट्रीय नेताओं का बंगाल की तरफ रुख न करना। यह साफ दिख है कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में अधीर रंजन चौधरी, गनी खान चौधरी के सहारे मालदा, मुर्शिदाबाद ब्रह्मपुर और दिनाजपुर तक अपने आप को सीमित कर रखा है। जबकि हक़ीक़त यह है कि कांग्रेस अभी भी बंगाल में मुख्य विपक्षी पार्टी है जिनके 44 विधायक हैं।

वहीं भाजपा की बात करें तो ज्यादातर चुनाव में वह बग़ैर कप्तान के ही चुनाव में उतरती है, फिर वह चाहे मध्यप्रदेश हो या फिर राजस्थान जहां उन्हें भारी सफलता भी मिली, लेकिन वही बात पश्चिम बंगाल में खतरा बन जाता है, यहां पर बीजेपी के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित न करना सबसे बड़ा नकारात्मक फ़ैक्टर साबित हो जाता है। यदि बीजेपी के पास ममता के मुक़ाबले कोई लोकप्रिय चेहरा होता तो मुक़ाबला और दिलचस्प होने की संभावना रहती। बंगाल के लोगों के मानस में यह बात है कि ममता नहीं तो कौन? यह कौन ही भाजपा के लिए मुश्किल खड़ा करता है। बंगाल की बात करें तो यहां पर बीजेपी का अंतरकलह किसी से छिपा नहीं है, बंगाल बीजेपी की अंदरूनी कलह पार्टी के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द साबित होती दिख रही है। पिछली बार पार्टी ने टीएमसी से आए क़रीब 150 नेताओं को टिकट दिया है जिससे पुराने कार्यकर्ताओं में रोष कायम रहा जो साफ तौर पर देखने को मिला। वही अन्य राज्यो के मुक़ाबले यहां पर भाजपा का संगठन उतना मजबूत नही है, उत्तरी बंगाल की तुलना में बीजेपी दक्षिण बंगाल में अभी भी संगठनात्मक रूप से बहुत कमजोर है। 2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम को भी देखेंगे तो दक्षिण बंगाल में बीजेपी का प्रदर्शन उतना बेहतर नहीं था जितना उत्तर बंगाल में। क़रीब 60 से 65 फ़ीसदी विधानसभा क्षेत्र दक्षिण बंगाल से आते हैं और वहां टीएमसी अभी भी अपनी पैठ बनाए हुए है। यदि बीजेपी दक्षिण के क़िले को फ़तह कर पाती है तो फिर परिणाम बीजेपी के पक्ष में हो सकते हैं।

> **पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में सीएए लागू करने का वादा कर साफ़ कर दिया है कि वह राज्य में अपने एजेंडे पर पूरी तरह क़ायम है और उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इस बार भी पार्टी के चुनाव प्रचारक भी अपने अभियान में इस पर जोर दे रहे हैं। पर बीजेपी का ब्रह्मास्त्र ( ध्रुवीकरण ) अब तक यहाँ पर ज़मीनी स्तर पर उतना कारगर होता नहीं दिख रहा है जितना बीजेपी के थिंक टैंक को उम्मीद है।**

# अनुशासन का पालन करने वाले की जीत होती है- कटारिया

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन


खेल प्रतियोगिता में सम्मानित हुए बच्चे।

नूरपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया ने किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मोनी चौधरी ने उन्हें स्मृति प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।अशोक कटारिया ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों से कहा कि किसी भी कार्य को करने में अनुशासन का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो अनुशासन का पालन करता है, जीत उसी की होती है। उन्होंने सफल खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में, परिधि प्रथम, चंचल द्वितीय व वंशिका पाल तृतीय स्थान पर रही, जबकि बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में निशांत सिंह प्रथम,सचिन द्वितीय, सीनियर वर्ग कबड्डी बालिका वर्ग में आरएसएम पब्लिक स्कूल प्रथम, एमएस एकेडमी द्वितीय स्थान पर रहा, सीनियर वर्ग बैडमिंटन एकल में गुलनेश उस्मानी प्रथम, जूनियर वर्ग बैडमिंटन एकल में समीर प्रथम स्थान पर रहा। बॉलीबाल में सबजूनियर वर्ग में नूरपुर की टीम विजयी रही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दन्देश पाल शर्मा, पीटीआई सचिन चौधरी, हर्ष शर्मा, कोमल यादव, रितिक-चौधरी, अजीत डबास, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, गौहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान,रुट्स स्कूल के एमडी दिनेश त्यागी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया।

# बीएलओ शोभारानी के घर पहुंचे मूलचन्द चौहान

## पार्टी फंड से दो लाख रुपये देने की घोषणा की

धामपुर (चिंगारी)। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं बीएलओ शोभा रानी की मौत के बाद नगर में शोक व्याप्त है। पूर्व राज्यमंत्री व सपा नेता मूलचंद चौहान मोहल्ला बड़वान स्थित उनके आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। पूर्व मंत्री ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को पार्टी फंड से दो लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मूलचंद चौहान ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर में काम अधिक होने के कारण बीएलओ की आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री ने शोभा रानी के पति कृपाल सिंह और पुत्र दीपक का हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। बृजमोहन प्रजापति, क्षेत्रपाल प्रजापति, रिंकू, आसिफ अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सांसद चन्द्रशेखर के जन्मदिन पर कम्बल बांटे

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)। आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन पर हाफ़िज उस्मान अंसारी के परिजनों द्वारा पांच सौ कंबल बांटे गये।**

एएचएम कालेज परिसर में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर इंतजार अहमद, हामिद अंसारी ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा धर्म इंसान की सेवा करना है। कड़ाके की ठंड में लोग आग तापकर अपना जीवन व्यतीत करते हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह सेवा की जा रही है। कार्यक्रम में एएचएम के चेयरमैन हाफ़िज उस्मान अंसारी की धर्मपत्नी नसीमा खातून, बेटी रजिया परवीन ने गरीब महिलाओं को गर्म कंबल प्रदान किये। कार्यक्रम में,महबूब आलम, जाबिर अली, मो. यूसुफ सिद्दीकी, मो. जैद, मो. राशिद अली, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



# गुलाब सिंह कालेज में हुई खेल स्पर्धा

## शौर्य व शिवानी ने जीती 100 मीटर दौड़, कबड्डी में मानपुर की टीम रही विजेता

चांदपुर (चिंगारी)। गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, बिजनौर के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-26 के अंतर्गत दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा क्षेत्र-23 चांदपुर का भव्य आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में प्रथम दिन वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी तथा दूसरे दिन जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खेल स्पर्धा का शुभारंभ चांदपुर विधायक स्वामी ओउमवेश एवं गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक स्वामी ओमवेश ने स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। सब-जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में मानपुर की टीम, जबकि सीनियर कबड्डी बालक वर्ग में अभिषेक लंबा की टीम प्रथम रही। वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग में यश कुमार की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन एकल सब जूनियर बालक वर्ग में तनिष्क कौशिक प्रथम रहे। सब जूनियर 100 मीटर दौड़ में बालक में शौर्य एवं बालिका में शिवानी प्रथम रही।

इस अवसर पर उप-जिलाधिकारी नितिन तेवतिया, तहसीलदार आलोक कटियार द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। बुधवार को कबड्डी के विजयी खिलाड़ियों को गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज चांदपुर की प्राचार्य प्रोफेसर साधना, डॉ. अशोक कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग से एवं कार्यक्रम प्रभारी रजनी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण कर किया गया।



# घरेलू कलह में ऐसा मोड़ आया ज़हर खाकर मौत को गले लगाया

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। एक व्यक्ति ने गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर निवासी मजनेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके पिता सुखदेव सिंह (60 वर्ष) ने गृह क्लेश के चलते मंगलवार की दोपहर अचानक जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ते देख उन्हें काशीपुर स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान कल शाम उनकी मृत्यु हो गई। मजनेन्द्र सिंह ने अपने पिता की इस प्रकार हुई मौत की सूचना देर रात रेहड़ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुखदेव सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मजनेन्द्र सिंह का कहना है कि उसकी भाभी उसके पिता सुखदेव सिंह से आयेदिन लड़ती झगड़ती रहती थी जिससे गृह कलेश के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। मजनेन्द्र सिंह ने पुलिस से आरोपी भाभी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मृतक सुखदेव सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# 'अधिवक्ता दिवस' के रूप में मनाया डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्मदिन


धामपुर ( चिंगारी )। भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिन के अवसर पर धामपुर तहसील में अधिवक्ताओं ने उनका स्मरण किया। इस अवसर पर तहसील परिसर में आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को नमन करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही भारत में एडवोकेटस एक्ट बनवाया गया और वर्ष 1962 में पूरे देश में लीगल प्रैक्टिस करने वालों को एडवोकेट के रूप में पंजीकरण दिया गया। राजपाल सिंह सिसोदिया एडवोकेट ने कहा कि वास्तव में अधिवक्तागण डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के प्रयासों से वर्ष 1961 में भारत की संसद ने एडवोकेट्स एक्ट पारित किया और राजेन्द्र प्रसाद ने तब राष्ट्रपति की हैसियत से इस बिल पर अपनी सहमति के हस्ताक्षर किए थे । उसके बाद ही यह कानून देश में लागू किया गया था।

बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी ने बताया कि पहले लीगल प्रैक्टिस करने वालों को मुख्त्यार, प्लीडर , वकील, अटॅार्नी आदि नामों से पंजीकृत किया जाता था लेकिन 1962 से अब केवल एडवोकेट के रूप में लाईसेंस जारी किया जाता है और यह सब डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के प्रयत्नों से हुआ है इसलिए हम लोग उनके जन्म दिन को देश में अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाते है। सीनियर एडवोकेट विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा लीगल प्रैक्टिस करने वालों के लिए लाईसेंसो के नामों में एकरूपता करवाने के कारण हम उनके सदैव ऋणी रहेगें।

बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व सचिव जावेद उमर एडवोकेट ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वयं ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान पटना हाईकोर्ट के प्रसिद्ध वकील थे और कानून को गहराई से जानने वाले व्यक्ति थे।

गोष्ठी में पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गहलौत, अनुराग भटनागर एडवोकेट, अल्ताफ उमर एडवोकेट, बार एसोसिएशन धामपुर के कनिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह एडवोकेट, ग्राम मौजमपुर जैतरा निवासी विप्लव कुमार एडवोकेट, चौधरी सुमित कुमार एडवोकेट, अवलोक कुमार एडवोकेट, गजराज सिंह एडवोकेट, सोमपाल सिंह एडवोकेट, बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता एडवोकेट आदि ने भी सहभागिता की। ज्ञातव्य है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्म की तारीख 3 दिसम्बर को एडवोकेटस, अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाकर उनका स्मरण करते हैं। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने की तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह सिसौदिया एडवोकेट ने किया।

### जैतरा आये थे डॉ. राजेन्द्र प्रसाद



**बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा ने बताया कि अंग्रेजी सरकार के जमाने में जब भारत के लोग स्वतंत्रता के लिए आंदोलन कर रहे थे तब डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में देशवासियों को आजादी के लिए आंदोलन करने के लिए ग्राम मौजमपुर जैतरा ( थाना धामपुर ) में एक जनसभा को संबोधित किया था और आज धामपुर तहसील तथा उपजिलाधिकारी की अदालतें ग्राम मौजमपुर जैतरा की भूमि पर ही स्थापित हैं।**

## प्रकरणों के निस्तारण के लिये शिक्षा निदेशक व वित्त नियंत्रक से हुई चर्चा

### माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने की उच्च अधिकारियों से भेंट

बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने लखनऊ में शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र सिंह तथा वित्त नियंत्रक मदनलाल से उनके कार्यालय में भेंट कर जनपद की विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा की। संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनपद के अनेक शिक्षकों के प्रथम वेतन के भुगतान अवशेष के रूप में लंबे समय से लंबित हैं। इसके अतिरिक्त अनेक शिक्षकों के चयन वेतनमान आदि के अवशेष भुगतान भी लंबित हैं।अनेक शिक्षकों के निजी विवरण से संबंधित संशोधन मानव संपदा पोर्टल पर लंबे समय से लंबित थे जिनके विषय में संबंधित अधिकारियों से स्पार्क कर अनेक संशोधन तत्काल कार्य गए। कुछ संशोधन केंद्रीय कार्यालय अलीगंज में एनआईसी विभाग में संपर्क कर संशोधन हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाई गई। वित्त नियंत्रक मदनलाल से उनके कार्यालय में लखनऊ में भेंट कर के एम इंटर कॉलेज के सेवानिवृत प्रधानाचार्य बधू प्रसाद गौड़ सहित अनेक लंबित प्रकरणों के पत्रजात प्रस्तुत कर भुगतान हेतु अनुरोध किया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष तथा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी से रॉयल होटल स्थित उनके निवास पर भेंट की तथा जनपद के समस्त प्रकरणों से उनको अवगत कराया। त्रिपाठी ने भी अपने स्तर से सभी प्रकरणों में अधिकारियों को निर्देशित करने तथा शीघ्र कार्रवाई कराने का आश्वासन किया।

## महेंद्रपाल सिंह बने ब्लॉक अध्यक्ष

धामपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर दासी निवासी महेंद्रपाल सिंह को अल्हैपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। संगठन का कहना है कि महेंद्रपाल सिंह लंबे समय से किसानों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह संगठन को मजबूत बनाते हुए किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।



महेंद्रपाल सिंह

## नहटौर में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन

### उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत हुई प्रतियोगिता



नहटौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विधायक ओमकुमार ने फीता काटकर और दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर किया। आज बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा जीत हार का अर्थ यह नहीं है कि आप निराश हो जाए, हार होने का मतलब यह है कि आपकी आने वाली जीत शानदार होगी। खेल अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि एक दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, कॉलेज प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, हेमंत कुमार,एडीओ दीनदयाल सिंह,ज्येष्ठवीर सिंह जोजो, हेमंत देशवाल, शिवम त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## जनता की हर समस्या को लेकर सपा संघर्ष के लिए तैयार : डॉ. तोमर

धामपुर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. रमेश तोमर ने पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के कैंप कार्यालय पहुंच कर कैंप कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के संगठनात्मक विस्तार, बूथ कमेटियों की मजबूती और आगामी चुनाव को लेकर भी रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की, जबकि संचालन नसीम राणा ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बी.के. कश्यप, हाजी कलाम अंसारी, आसिफ अली, जावेद, शाहिद, अरमान अली, जावेद सईद, मुदित गुप्ता, लाल बहादुर सिंह, रविंद्र कुमार पप्पू, नवनीत राणा समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### जिला प्रभारी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली

पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एसआईआर फॉर्म से जुड़ी दिक्कतों की चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि आम लोग फॉर्म को लेकर समस्याओं का सामना कर रहे हैं तथा कई योग्य लोगों के फॉर्म तकनीकी कारणों से रिजेक्ट हो रहे हैं। इस पर जिला प्रभारी ने कहा कि पार्टी जनता की हर समस्या को गंभीरता से लेकर संघर्ष के लिए तैयार है।

## सरस्वती शिशु मंदिर का हुआ वार्षिक निरीक्षण



धामपुर ( चिंगारी )। नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण संपन्न हुआ। यह निरीक्षण विद्या भारती प्रांतीय योजना अनुसार चला, जिसमें निरीक्षक के रूप में मुरादाबाद संभाग के निरीक्षक महिपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य भूदेव सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर हसनपुर, चंद्रपाल सिंह प्रधानाचार्य मंडी धनौरा व ध्यान सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर कैराना एवं आचार्या बहन रीता देवी सरस्वती शिशु मंदिर चांदपुर शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान निरीक्षकों द्वारा विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि का निरीक्षण किया गया। मुख्य रूप से कक्षाएं देखी गई तथा निरीक्षकों द्वारा कक्षा शिक्षण को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जाए, इस पर अपने सुझाव दिये गये। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा सभी निरीक्षकों का पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संभाग निरीक्षक महिपाल सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य शिशुओं का सर्वांगीण विकास करना है।

### शिक्षण को प्रभावी बनाने पर दिये गये सुझाव

इस अवसर पर उन्होंने पंचकोश एवं शिक्षण में पंचदीय शिक्षा प्रणाली पर विशेष बल दिया। प्रार्थना सभा में भूदेव सिंह द्वारा भैया बहनों को प्रेरणादायी प्रसंग के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया।

# सांसद चंदन चौहान ने लोकसभा में उठाई हाईकोर्ट बेंच की मांग

## जिला बार बिजनौर ने खुशी व्यक्त करते हुए सांसद चंदन चौहान का किया आभार व्यक्त




**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना की मांग संसद के शीतकालीन सत्र में जोर-शोर से उठाई तथा सरकार और कानून मंत्री से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापित करने की मांग की। जिला बार एसोसिएशन बिजनौर ने चंदन चौहान द्वारा यह मांग उठाए जाने पर खुशी व्यक्त की है।

बुधवार को संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग करते हुए सांसद चंदन चौहान ने कहा कि वर्ष 1981 से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग अधिवक्ताओं और जनता द्वारा लगातार की जा रही है। विगत 26 नवंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघर्ष समिति के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की जिला बार ने अपने-अपने सांसदों का घेराव किया तथा उन्हें ज्ञापन देकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना करने हेतु संसद में यह मांग उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सुलभ न्याय प्राप्त करना जनता का अधिकार है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, बागपत आदि जिलों से हाईकोर्ट इलाहाबाद लगभग 700 किलोमीटर की दूरी पर है, जबकि दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान तथा लाहौर की हाईकोर्ट भी बहुत करीब है। हाईकोर्ट बहुत दूर होने के कारण जनता को बहुत ज्यादा परेशानी होती है। सांसद चंदन चौहान द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाने की मांग संसद में जोर-जोर से उठाए जाने पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश चाहल, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव विशाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंबिका राणा, जावेद सईद, आशीष तोमर, पंकज बिश्नोई आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए चंदन चौहान का आभार व्यक्त किया है।




# विदेशी पर्यटकों को भी लुभा रहा अमानगढ़

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया भारतीय पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों को काफी लुभा रहा है। दो सप्ताह पूर्व की कनाडाई बहू कोर्टनी तलवार ने दो दिन तक अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी कर प्राकृतिक वातावरण का आनंद लिया था। बुधवार को बर्लिन ( जर्मनी ) निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला आगरा निवासी अपने परिचितों संजीव व विवेंद्र के साथ अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया पहुंची और दोपहर बाद दूसरी पाली में जंगल सफारी का आनंद लिया।**

# दिव्यांगजन को सहायक उपकरण बांटे



दिव्यांग को उपकरण वितरित करते हुए साकेन्द्र प्रताप।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय व दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर चौधरी साकेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारी सरकार अनेक क्षेत्रों में सामाजिक न्याय की दृष्टि से कार्य कर रही है। अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज के विकलांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल, सादी रिक्शा, बैसाखियां, कान की मशीनें और मानसिक रूप से मंदबुद्धि बालकों के लिये अनेक प्रकार के टीएलएम उपकरण वितरित किये गये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में दिव्यांग जनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए निरंतर समाज सेवा का संकल्प लिया। विदुर मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्या. ने सभी विकलांगजनों को यथोचित सहायता करने के लिए मानव सेवा समाज सेवा को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। लाभार्थियों को 13 बैटरी चलित रिक्शा और 14 मैन्युअल रिक्शा, कान की मशीनें और बैसाखियां इत्यादि वितरित की गई। भारतीय रेडक्रास समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह सेंगर, डायरेक्टर योगेंद्र योगी ने दिव्यांगजनों के साथ-साथ उपस्थित निर्धन व्यक्तियों को ढाई सौ कंबलों का वितरण भी किया। सभा में चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, डायरेक्टर योगेंद्र पाल सिंह, डा. विशाल, रोबिन चौधरी, योगेश ठाकुर सुनील एवं सुनील भारद्वाज वीरा कॉलेज, अनुज पाठक, महबूब अली, भुवन पांडे, सौरभ अग्रवाल आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# झालू में विद्युत उपकेंद्र में यूकेलिप्टिस के पेड़ कटने का मामला गर्माया

**झालू ( चिंगारी )।** नगर स्थित झालू विद्युत उपकेंद्र के परिसर के निकट लगे यूकेलिप्टिस के कुछ पेड़ों की कटाई किये जाने का मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। पेड़ कटने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में इस पर अलग-अलग मत सामने आये।

कुछ लोगों का कहना है कि ये पेड़ काफी झुक चुके थे और सीधे विद्युत एलटी लाइन की दिशा में झुकाव होने के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते थे, इसलिए इन्हें काटना जरूरी था। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ कर्मचारियों ने निजी लाभ के लिए पेड़ों की कटाई करवाई है।

इस संबंध में झालू विद्युत उपकेंद्र के जे.ई. सुदेश कुमार ने बताया कि पेड़ों का झुकाव सीधे विद्युत लाइन की ओर था, जिससे कई बार पेड़ लाइन पर गिरकर विद्युत आपूर्ति बाधित कर चुके थे। उन्होंने बताया कि ये पेड़ पूरी तरह सूख चुके थे और सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें काटना आवश्यक हो गया था, ताकि किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# एसआईआर कार्य समय से पूरा किया जाये : एसडीएम






**चांदपुर ( चिंगारी )। उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एसआईआर के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश दिये।**

खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र स्याऊ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया ने सभी प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स से एसआईआर के इस अति महत्वपूर्ण और सम्बद्ध कार्यक्रम को अधिक सटीकता से तथा पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से त्वरित गति से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

उपजिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को विशेष रूप से अद्यतन किये गये सहयोग व तत्परता के किये गये अथक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए सभी शिक्षकों और अन्य संबंधित कार्मिकों को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर गजेन्द्र सिंह, गौरव चौहान, जल सिंह, संजू वर्मा, राकेश कुमार, रिजवान अख्तर, डॉ. माहे मुनीर, जॉली अग्रवाल, चंद्रमुखी, हिमांशु, अंशु रानी, अजय कुमार, रेणु गुप्ता, आकांक्षा, मसूद आलम, सतेन्द्र कुमार, ए.आर.पी. मोहम्मद राशिद, अनुज यादव, मोनिका, शफीक अहमद व रीमिश गहलौत आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर के पुजारी का निधन, शव पीएम को भेजा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव मुकरपुरी ज्योत हिम्मा स्थित हनुमान मंदिर में रहने वाले 75 वर्षीय पुजारी डालचंद का बुधवार दोपहर निधन हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। डालचंद पिछले लगभग दो वर्षों से इस मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा कर रहे थे। वह मूल रूप से मुरादाबाद के थाना छजलैट क्षेत्र के निवासी थे। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

# घायल हुआ किसान, सांड ले सकता है किसी की जान

**नहटौर ( चिंगारी )।** खेत से सांड को बाहर निकालने के दौरान उसने किसान पर हमला कर दिया। अन्य किसानों ने लाठी डंडे से किसी तरह किसान को बचाया। सांड के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम इशाकपुर निवासी गौरव उर्फ मोनू शर्मा पुत्र नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा (39 वर्ष) गांव के पास स्थित अपने सरसों के खेत पर गए थे। सरसों के खेत में घुसा सांड फसल को नुकसान कर रहा था।जैसे ही मोनू ने सांड को खेत से बाहर निकालने की कोशिश की तो सांड ने हमला कर दिया। मोनू के शोर मचाने पर पास के खेतों में काम कर रहे किसान लाठी रंडी लेकर दौड़ पड़े। जिस पर किसी तरह किसान की जान बच सकी।सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल किसान को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। बुधवार को ग्राम इशाकपुर, फरीदनगर और धींगरपुर के किसानों ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से सांड को पकड़ने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यदि सांड को नहीं पकड़ा गया तो यह किसी व्यक्ति को भी मौत के घाट उतार सकता है।


घायल मोनू

## जरूरतमदों को कमबल बाटे

**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने खादर क्षेत्र के गांव में जाकर जरूरत मंदों को कम्बल का वितरण किया। रालोद के प्रदेश महासचिव एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी के नेतृत्व में कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर रालोद के जिला महासचिव डा विपिन तोमर, योगेन्द्र प्रधान, शीशपाल राठी, प्रीतम प्रधान, मुजरिम अहमद, अकरम उस्मानी, गजेन्द्र सिंह,शिवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह,भस्सन प्रधान आदि मौजूद रहे।


जरूरत मंद को कम्बल देते अशोक चौधरी।

# साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** साइबर अपराध जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम खजूराजट में पुलिस ने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने कहा साइबर क्राइम अपराध रोकने के लिए पुलिस जहां सक्रिय है।,वही अपराध को रोकने में जनमानस सहयोग करके पूर्ण सहभागिता करें। कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम को जागरूकता एवं सावधानी ही इसका बचाव है। यदि कोई व्यक्ति आपसे ओटीपी के बारे में जानकारी करता है, उसे किसी भी कीमत पर ओटीपी की जानकारी साझा ना करें। फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना दें। इसके अलावा नहटौर डिग्री कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को जन जागरण अभियान चलाकर अपराध को रोकने में पुलिस का सहयोग करके पूर्ण सहभागिता करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलजीत सिंह, उप निरीक्षक सोनू निगम, कांस्टेबल रीता चौधरी, कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर संजीव गौड, सीमा शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि गत 17 अगस्त को गाजियाबाद के काव्य सिटी कालौनी चिरौरा निवासी युवक अनुराग दुबे उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया था। उपनिरीक्षक रजत राणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक का चालान कर न्यायालय भेज दिया।



## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अयाज अहमद व उसकी पत्नी फरहा जो मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे है और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते है तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। - **मुमताज अहमद पुत्र अब्दुल रशीद,** निवासी ग्राम मिलक मुकीमपुर, तहसील व थाना धामपुर, जिला बिजनौर।

## वक्फ सम्पत्तियों के पंजीकरण की तिथि बढ़ाने की मांग

**किरतपुर ( चिंगारी )।** वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए सरकार द्वारा 5 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की है, परंतु चार-पांच दिन से उम्मीद पोर्टल साइट नहीं चल रही है जिससे वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण नहीं हो पा रहे हैं तथा रजिस्ट्रेशन करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 5 दिसंबर तक सभी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन होने मुश्किल नजर आ रहे हैं। नगर के प्रमुख समाजसेवी सी. एम. सुलेमान अंसारी एडवोकेट ने सरकार से वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है, ताकि सभी वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन हो सके।


सी. एम. सुलेमान अंसारी

# जहानाबाद में मनाया गया टीका उत्सव



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बुधवार को ब्लॉक हल्दौर के उपकेंद्र जहानाबाद में टीका उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान तहजीब ने फीता काटकर किया। टीकाकरण उत्सव का उद्देश्य छूटे हुए बच्चों को संरक्षण प्रदान करना रहा। इस दौरान पहली दिसंबर को आयोजित टीका उत्सव में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को मीज़िल्स-रूबेला सहित अन्य निर्धारित टीके लगाए गए, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित किया जा सके। टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में एएनएम मोनिका, सीएचओ आरती शर्मा, ग्राम प्रधान तहजीब, संगिनी शशि देवी, आशा लोकेश एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा देवी ने अहम भूमिका निभाई। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को समय पर टीका लगवाने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

# रामा एफ.एम. 90.0 द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा एफ.एम. 90.0 द्वारा स्मार्ट एन.जी.ओ. के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'सेहत सही लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर के प्रांगण में एक हेल्थ कैंप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कैंप में महिलाओ एवं पुरुषों के शारीरिक स्वास्थ्य की जाँच की गई और उन्हें आवश्यक हेल्थ सलाह भी प्रदान की गई। एफ.एम.कोर्डिनेटर श्रीमती नीलम वर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य समुदाय के हर सदस्य तक उपयोगी व सही स्वास्थ्य जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाना है तथा वो अपनी टीम के साथ आगे भी ऐसे जनहित कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जागरूक करती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार,पीयूष शर्मा, रचना चौधरी, श्वेता सरकार, योगेश राजपूत आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी रामा एफएम. 90.0 के मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।




# जिलाध्यक्ष ने की SIR कार्य की समीक्षा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (S.I.R ) के अंतर्गत किरतपुर नगर के अंबेडकर नगर शक्ति केंद्र में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान बॉबी रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर द्वारा की गई। जिला अध्यक्ष द्वारा किरतपुर नगर मंडल की S.I.R को लेकर समीक्षा की गई। आने वाले समय में किस प्रकार उसे कार्य को जल्दी पूर्ण किया जाए व 11 दिसंबर के बाद किस प्रकार नया वोट बनाया जाए, इस विषय को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री शिवम सिंघल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा संयोजक रजनी कालरा, मंडल उपाध्यक्ष सूरज वाल्मीकि अशोक चौधरी आकाश जैन, मंडल मंत्री नीरू कश्यप, मंडल कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिना राणा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष डॉक्टर अमजद, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष गोपी कुमार, किसान मोर्चा अध्यक्ष नवनीत राजपूत, जिला मंत्री मोनिका कालरा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव वर्मा सोनू, संजय चौहान, शक्ति केंद्र संयोजक एडवोकेट अमित अग्रवाल, धर्मपाल सिंह राजपूत, यशपाल तोमर, घसीटा सिंह तोमर, मगनसिंह, फिरोज कादरी, भाजपा से नगर पालिका सभासद कन्हैया राणा मयंक अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर, राहुल सिंघल, अरुण कुमार ललित राजपूत, अंशुल राजपूत शिवम गिरी, परमेश्वर सिंह, अजीम अहमद, मोनिका अग्रवाल, आंचल प्रजापति, नवाब बेग, रशीद अहमद जुल्फिकार, अहमद शादाब खान आदि रहे।




जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुये गौरव पाराशर।

# सांसद चंद्रशेखर का जन्मदिन मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के नजीबाबाद कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का 39 वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, भाईचारा समिति के मंडल अध्यक्ष ललित कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला प्रभारी साबू प्रधान, नजीबाबाद नगर अध्यक्ष सुल्तान कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष असलम अंसारी, शादमान शेख, तसलीम अहमद, पूर्व प्रधान नफीस अहमद, अयाज अंसारी, अफाक अंसारी, दीपक सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नेताओं ने चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष, नेतृत्व व सामाजिक न्याय की लड़ाई पर अपने विचार व्यक्त किए।



केक काटकर सांसद चंद्रशेखर का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता।



सांसद को गुलदस्ता भेंट करते वाजिद मकरानी।

## वाजिद मकरानी ने सांसद चंद्रशेखर से की मुलाकात

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली निवासी वाजिद मकरानी ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद से एक शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान आगामी चुनाव को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। वाजिद मकरानी वार्ड 2 से आसपा के जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित प्रत्याशी है। उन्होंने सांसद को क्षेत्र की कई समस्याओं से भी अवगत कराया। वाजिद मकरानी के साथ वसीम मकरानी, मोहम्मद आदिल मौजूद रहे। वाजिद मकरानी एसआईआर के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक कर अपने कैंप कार्यालय में एसआईआर के फॉर्म भरवाने में मदद कर रहे है। सभी को फॉर्म जल्द से जल्द बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे है।

## जन्मदिन पर सांसद चंद्रशेखर को केक खिलाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली निवासी आसपा के जिला प्रभारी शहाबुद्दीन मकरानी, वीरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, सुखवीर सिंह व राहतपुर के ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी, सरताज राईन, महताब राईन, अतीक अहमद आदि ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के 39 वे जन्मदिन पर उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बुके देकर शुभकामनाएं दी तथा केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।



जन्मदिन पर सांसद चंद्रशेखर को केक खिलाते हुए।

## चंद्रशेखर की लम्बी आयु की कामना की

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर का 39 वां जन्मदिन मंडावली निवासी आसपा के जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित प्रत्याशी वाजिद मकरानी के कार्यालय पर मनाया गया। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, महमूद कुरैशी, शमशाद आरजू, रजत कुमार, धर्मराज सिंह हल्दिया, वसीम अहमद, दानिश कुरैशी, आदिल, सद्दाम सलमानी आदि ने केक काटकर सांसद चंद्रशेखर का जन्म दिन मनाते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की।

## पत्रकार ने बेटे को जन्मदिन पर तोहफे के रूप में संविधान भेंट किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम आजमपुर मोहम्मद अली उर्फ खानपुर में पत्रकार राजवीर सिंह ने अपने आवास पर अपने बेटे दीपांशु का जन्मदिन मनाते हुए उसकी लंबी उम्र की कामना की। साथ ही जन्मदिन के मौके पर बेटे को भारत का संविधान तोहफे के रूप में भेंट किया। उन्होंने कहा कि हमें संविधान का हमेशा पालन करते हुए उसके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। भारत का संविधान एक बुक नहीं बल्कि यह भारत का सर्वोच्च कानून है। इसमें देश के मौलिक ढांचे शक्तियों, कर्तव्य व नागरिकों के अधिकार का वर्णन है। इस अवसर पर कार्तिक कुमार, प्रदीप कुमार, नवीन कुमार, धीरज कुमार, अनंत गौतम, इति गौतम, शानवी सिंह, कामिनी, कनक, पल्लवी आदि मौजूद रहे।**



दीपांशु को जन्मदिन पर संविधान की किताब भेंट करते हुए।

## सीओ से की लापता वृद्ध की गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खां के साथ क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर इशहाक उर्फ गाजीपुर निवासी सलीम पुत्र नईम ने सीओ को दिये पत्र में कहा कि उनके पिता नईम अहमद 8 नवम्बर 2025 से घर से लापता है। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। उनके मोबाइल पर कॉल करने पर घंटी जा रही है, मगर कॉल रिसीव नहीं हो पा रही है। उन्होंने सीओ से उसके पिता की गुमशुदगी की थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराकर उनकी बरामदगी कराने की मांग की है।

## महिलाओं ने दिव्यांग दिवस पर किया संगोष्ठी का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा रमेशनगर में सुमन वर्मा के आवास पर विश्व दिव्यांग दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सुमन वर्मा ने कहा कि दिव्यांगों के अधिकारों के कल्याण के लिए समर्थन जुटाना चाहिए। दिव्यांगों के योगदान का हमें सम्मान करना चाहिए। दिव्यांग भी हमारे समाज का अभिन्न अंग है, उनके साथ भी कुछ समय व्यतीत करना चाहिए। दिव्यांगों के कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए जिससे कि एक समाजवेशी समाज बन सके। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं फूलमाला के संचालन में आयोजित संगोष्ठी में सुशीला गुप्ता, मंजू शर्मा, अनीता गुप्ता, नलिनी, मीनाक्षी अग्रवाल आदि मौजूद रही।

# 'मेरे जैसे बूढ़े लोगों को परेशानी हो रही'

## वायु प्रदूषण को लेकर सरकार पर भड़कीं सोनिया गांधी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** विपक्षी नेताओं ने आज संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में सोनिया गांधी भी शामिल हुईं। सोनिया गांधी ने शहर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार से तुरंत एक्शन लेने की मांग की। हाथ में प्लेकार्ड लिए, कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने संसद भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर नारे लगाए और प्रधानमंत्री से बयान देना बंद करने और एक्शन लेने को कहा। वायु प्रदूषण की समस्या की गंभीरता को दिखाने के लिए कुछ सांसदों ने विरोध स्वरूप मास्क भी लगाए हुए थे।




विरोध प्रदर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह कुछ करे क्योंकि बच्चे मर रहे हैं। मेरे जैसे बूढ़े लोगों को भी मुश्किल हो रही है। प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वायु प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक नहीं है और वे इस मुद्दे पर चर्चा और ठोस एक्शन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वायु प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। सरकार को ठोस एक्शन लेना चाहिए, हम सब इसमें साथ हैं। लोग परेशान हैं। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र इन दिनों खराब वायु गुणवत्ता की समस्या से जूझ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, बाहर के हालात तो देखिए। जैसा सोनिया जी ने कहा, बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उन्हें अस्थमा है, और उनके जैसे वरिष्ठ नागरिकों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। हालात साल दर साल खराब होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ बयान दिए जाते हैं, कोई ठोस एक्शन नहीं लिया जाता। हम सबने कहा है कि सरकार को एक्शन लेना होगा।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री शिव चित्रगुप्त मंदिर मोहल्ला चाहशीरीं बिजनौर में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्री ओमसहाय भटनागर प्रदेश सचिव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की अध्यक्षता एवं प्रदीप किशोर भटनागर के संचालन में हुये कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। सर्वश्री सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, ओमसहाय भटनागर, प्रदीप किशोर भटनागर, राजवर्धन भटनागर, अरूण श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 90 वर्षीया श्रीमती मुन्नी देवी भटनागर (श्रीमती सुधा) रहीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मुन्नी देवी भटनागर को फूल-मालाओं से लाद दिया। विशिष्ट अतिथि श्री राजवर्धन भटनागर एवं श्रीमती शोभा भारतीय एवं श्रीमती आदेश भटनागर रहीं। कार्यक्रम में सर्वश्री राजेंद्र स्वरूप भटनागर, छोटेलाल, सुभाषचंद, अरूण श्रीवास्तव, दीपक भटनागर, रेखा भटनागर, मीनाक्षी भटनागर, प्रेमा श्रीवास्तव, रंगोली भटनागर, मयंक भटनागर, योगेश भटनागर, संजय भटनागर, प्रीति, किरन, राजरानी, रचिता, अंजना आदि मौजूद रहे। अंत में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर ने सभी का धन्यवाद किया।



पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए लिहाफ ले जाते नगरवासी।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिये लिहाफ भेजे

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** पिछले दिनों पंजाब में आई भीषण बाढ़ से पीड़ित लोगों की मदद के लिए पूर्व चेयरपर्सन शाहिदा इरशाद, मौ.अखलाक, नदीम हनीफ, नसीम अहमद, हिना दानिश, शेख इस्लामुद्दीन, शेख नसीम, तारिक राईन, दिलशाद मंसूरी, शेख सैफुद्दीन, हाफिज मुकीम, आसिफ रजा, वसीम गुर्जर आदि ने 180 लिहाफ तैयार कराकर पंजाब के लिए रवाना कर दिए। राहत वाहन के साथ पंजाब गए अजहर अमानी व शेख इस्लामुद्दीन (नेता जी) ने बताया कि जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित करने के संबंध में शाही इमाम पंजाब मौलाना उस्मान लुधियानवी से बातचीत हुई जिनके निर्देशन में वहां जरूरतमंदों को ये लिहाफ वितरित किए जाएंगे। चिंगारी तमाम सक्षम व्यक्तियों से अपील करता है कि वह अपने आसपास जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते रहें और ठंड से बचाने के साथ-साथ उनके खाने-पीने वगैरा की तमाम परेशानियों में मदद कर पुण्य कार्य में हाथ बंटाते रहें।

# महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रेरित किया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव लाहक कला में महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक कर स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। मंगलवार को महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को निर्भीक होकर समाज में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सजग है। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। साइबर क्राइम से होने वाली घटनाओं को विस्तारपूर्वक बताकर इनसे बचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को प्रेरित कर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस मौके पर मंडावली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, एसएसआई योगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान राकेश कुमार, कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान आदि मौजूद रहे।

## ऋषि परंपरा में दिव्यांगता किसी की कमजोरी नहीं- योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में कहा कि हमारी ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में यह बातें कहीं। श्री योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ-साथ कुष्ठावस्था पेंशन की राशि को भी 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए अनुदान राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 की गई है। श्री योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक है। दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। आपकी हिम्मत, आपकी प्रतिभा और आपकी सफलता ही नए भारत की शक्ति है।



## आपके अनुसार

संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष को अप्रत्यक्ष रुप से 'ड्रामेबाज' बताते हुए कहा, 'यहां (संसद) ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। नारों के लिये पूरा देश पड़ा है। जहां पराजित होकर आये हो, वहां बोल चुके हो, जहां पराजित होने के लिये जाने वाले हो, वहां भी बोल दीजिये। लेकिन यहां (संसद में) तो नारे नहीं, नीति पर बल देना चाहिए।'

आपके अनुसार क्या प्रधानमंत्री ने सही बोला है?

अपनी प्रतिक्रिया से अवगत करायें।

Email:
dainikchingari@gmail.com
Whattsapp No.
**9927500701**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ), नजीबाबाद, जिला बिजनौर**
**वाद सं. 2/25**

ओमप्रकाश पुत्र श्री निहाल सिंह, निवासी ग्राम रहमापुर, परगना व तहसील नजीबाबाद, हाल निवासी जयनगर, कस्बा व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**बनाम**

1. हरीश पुत्र ओमप्रकाश, 2.प्रिंसी पत्नी हरीश, निवासीगण ग्राम रहमापुर, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित वादी/वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 06.02.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से-प्रबन्धक, न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ), नजीबाबाद**

# काशी में गूंजे 'भारत-रूस मैत्री जिंदाबाद' के नारे, नया इतिहास रचेगी दोनों देशों की दोस्ती



वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज चार दिसंबर को दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर देशभर में उत्साह है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में भी खासा जोश देखने को मिला। विशाल भारत संस्थान ने मंगलवार को 'भारत-रूस मैत्री मार्च' निकालकर रूसी राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। मोदी और पुतिन के बड़े-बड़े पोस्टरों से सजी यह रैली सुभाष भवन से शुरू होकर मुंशी प्रेमचंद स्मृति द्वार तक पहुंची। मार्च में शामिल लोग भारत-रूस संबंध जिंदाबाद भारत-रूस दोस्ती दुनिया के लिए जरूरी, मोदी-पुतिन की जोड़ी दुनिया को शांति देगी जैसे जोशीले नारे लगा रहे थे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन की तस्वीर की आरती उतारी गई और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाच-गान हुआ। मानो कोई अपना मेहमान घर आ रहा हो, उसी उत्साह से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीगुरु जी ने कहा कि भारत और रूस स्वाभाविक मित्र हैं। दोनों देश एक-दूसरे के दुख-सुख में सदैव साथ खड़े रहे हैं। मोदी और पुतिन विश्व के ऐसे नेता हैं जो लोकतंत्र, सीमाओं और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। दोनों देश मिलकर विश्व को शांति का मार्ग दिखाएंगे। इस समय पुतिन का भारत आगमन वैश्विक परिवर्तन का संकेत है। सभी भारतीयों की ओर से हम उनका हार्दिक स्वागत करते हैं। मोदी और पुतिन मिलकर विश्व में नया इतिहास रचेंगे। संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अर्चना भारतवंशी ने कहा कि भारत-रूस संबंधों के और मजबूत होने से सबसे अधिक लाभ देश के युवाओं को होगा। रूस की तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा भारतीय युवाओं को आगे बढ़ाने और देश को सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगी। संस्थान की डॉ. नजमा परवीन ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन का यह भारत दौरा इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी ने कहा कि भारत-रूस मैत्री और मजबूत हो और विश्व में शांति स्थापना की दिशा में ठोस पहल हो।

# डीएम ने बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

## फेस्टिवल को आकर्षक बनाने के लिए दिये अनेक निर्देश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** तहसील कोटद्वार के सनेह में बर्ड फेस्टिवल के प्रस्तावित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन एवं पर्यटन विभाग को फेस्टिवल को प्रभावी व आकर्षक बनाते हुए विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये।

मौके पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल की व्यापक योजना बनाने सहित बर्ड वॉक एवं प्रकृति भ्रमण हेतु उपयुक्त मार्ग चिह्नित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रत्येक स्थल पर स्थानीय पक्षियों की प्रजातियों का विवरण प्रदर्शित किये जाने के भी निर्देश दिये, ताकि आगंतुकों को क्षेत्र की जैव विविधता की जानकारी सरलता से मिल सके। कहा कि फेस्टिवल के दौरान बर्ड फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए उत्कृष्ट फोटोग्राफरों को सम्मानित किया जाये, जिससे पक्षी संरक्षण के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जा सके और इस क्षेत्र की जैव विविधता को विश्वपटल पर एक नयी पहचान मिल सके। वहीं उन्होंने पर्यटन विभाग को बर्ड वॉचर्स ग्रुप, पक्षी प्रेमियों और प्रकृति-फोटोग्राफरों को आमंत्रित करने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए, ताकि अधिकाधिक प्रकृति-प्रेमी इस आयोजन से जुड़ सकें। उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए पक्षी पहचान कार्यशाला, चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया, ताकि नई पीढ़ी में प्रकृति संरक्षण के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन वन प्रभाग जीवन मोहन दगाड़े, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य और जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी उपस्थित रहे।


**कोटद्वार के सनेह में प्रस्तावित बर्ड फेस्टिवल आयोजन स्थल का मंगलवार देर शाम को जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण।**

# राज्य स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के विजयी छात्र गणेश का किया सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र के अंतर्गत पीएमश्री जीआईसी बल्ली में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में यूकोस्ट द्वारा आयोजित उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग के अंतर्गत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्र गणेश को सम्मानित किया गया।

सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला बलूनी, ज्येष्ठ प्रमुख सुनील नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल सिंह, ग्राम प्रधान रजनी देवी, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक मधुसूदन बलूनी व गढ़वाल सांसद के पूर्व प्रतिनिधि चंडी प्रसाद कुकरेती ने ने गणेश को सम्मानित कर विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने कहा कि गणेश ने प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जो क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है। मौके पर पूरे विद्यालय परिवार ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की।

# आश्रम में धूमधाम से मनाई गई गीता जयंती

## छात्र-छात्राओं की भाषण, लेखन एवं श्लोकवाचन प्रतियोगिता आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वर्गाश्रम स्थित गीता आश्रम में आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी वेदव्यास आनंद सरस्वती जी के समाधि मंदिर में गीता जयंती के अवसर पर गीता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के लगभग 10 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण लेखन प्रतियोगिता एवं श्लोक वाचन प्रतियोगिता संपन्न हुई इसके निर्णायक मंडल में जगमोहन थलवाल, पूर्व प्रधानाचार्य शैलेंद्र बहुगुणा अध्यापक बाबा काली कमली संस्कृत विद्यालय एवं सतीश जोशी अध्यापक स्वर्ग आश्रम ट्रस्ट संस्कृत विद्यालय थे। गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम प्रशांत रयाल, द्वितीय शिवचरण तृतीय प्रिया सैनी, गीता भाषण एवं लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश बिष्ट, द्वितीय रुचिका चौहान, तृतीय सक्षम रतूड़ी, सांत्वना ओम शर्मा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मण झूला के थाना प्रभारी संतोष पैंथवाल, विशिष्ट अतिथि गिरीश डोभाल राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार स्वामी सर्वात्मानंद सरस्वती, महंत अनिता दास, सत्येंद्र प्रसाद चमोली, विनोद जुगलान, नीतीश खंडूरी, रेवानंद धस्माना, आशुतोष शर्मा, डॉक्टर महेंद्र अग्रवाल, आदि उपस्थित थे। गीता आश्रम के मुख्य ट्रस्टी अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता ने आगंतुक सभी महानुभावों का विशेष कर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं, आचार्य का अभिवादन, स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सुभाष डोभाल, भानु मित्र शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

# विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए ओवर हेड लाइनों को किया जायेगा अंडर ग्राउंड



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने एवं सौंदर्यकरण हेतु ओवरहेड लाइनों को अंडरग्राउंड करने के सम्बन्ध में नगर निगम ऋषिकेश कार्यालय में महापौर की अध्यक्षता में क्षेत्र की ओवर हेड विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड केबलिंग में बदलने की परियोजना पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। परियोजना की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। अंडरग्राउंड केबलिंग का मुख्य उद्देश्य विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाना तथा आंधी, तूफान और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाली क्षति को कम करना है। साथ ही, यह परियोजना जन सुरक्षा में भी सुधार लायेगी। अंडरग्राउंड केबलिंग से क्षेत्र के सौंदर्य में महत्वपूर्ण सुधार होगा, क्योंकि इससे सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से विद्युत के खंभे और लटकते तार हट जाएंगे। महापौर शम्भू पासवान द्वारा अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण तथा सार्वजनिक असुविधा को कम करने के लिए कार्य को तेजी से और योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने हेतु निर्देशित करने के साथ ही अवगत कराया कि इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। बैठक में नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, सहायक नगर आयुक्त चन्द्रकांत भट्ट, अधिशासी अभियन्ता दिनेश उनियाल, अधिशासी अभियन्ता यू.पी.सी.एल. शक्ति प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता यू.पी.सी.एल. राकेश कुमार, अवर अभियन्ता यू.पी.सी.एल. पी.पी. बधानी, अवर अभियन्ता श्याम सुन्दर, अवर अभियन्ता सौरव देशवाल, उपखण्ड अधिकारी यू.पी.सी.एल. अर्चित कुमार, उपखण्ड अधिकारी यू.पी.सी.एल. अरविन्द नेगी अवर अभियन्ता विद्युत विनोद पुरोहित आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर मोटाढाक स्थित मालिनी वैली कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में कालेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। वार्षिकोत्सव का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात संस्कृत भारती से जुड़े शिक्षक डॉ. कुलदीप मैंदोला ने मालिनी क्षेत्र की दशा पर अपने विचार रखे। वहीं डॉ. राकेश कंडवाल की सार्थक योगशाला के नन्हे योगियों ने योग का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मांगल गीत से सबका मन मोह लिया। साथ ही छात्रों ने जीतू बगड़वाल नाटक का मंचन भी किया। महाविद्यालय के चेयरमैन योगंबर सिंह ने कालेज की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में निदेशक श्वेता रावत, प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रभा जोशी, प्रकाश चंद्र, डा. रुनामी शर्मा व बीएड के समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एम्स ऋषिकेश में हेलीबोर्न इमरजेंसी मेडिसन ट्रेनिंग प्रारंभ, तीन दिन तक चलेगा कार्यक्रम

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में तीन दिवसीय हेलीबोर्न इमरजेंसी मेडिसिन ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू हो गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यपाल ले. जनरल सेवानिवृत गुरमीत सिंह ने कहा कि एम्स ऋषिकेश ने स्वास्थ्य सुविधाओं में मिसाल कायम कर नए मानक स्थापित किये हैं। खासतौर से उन्होंने हेली एम्बुलेंस और संस्थान की ट्रॉमा मेडिकल सेवाओं को राज्य के लिए वरदान बताया। फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन एफएएम, एयरबस फाउंडेशन तथा एम्स ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की प्रथम हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस सर्विस (हेम्स) टीम को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है। मुख्य अतिथि राज्यपाल ले. जनरल सेवानिवृत गुरमीत सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए इस आयोजन को स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में संस्थान का सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा मैनेजमेन्ट और हेल्थ मैनेजमेन्ट के क्षेत्र में एम्स



**कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्यपाल सेवानिवृत ले. जनरल गुरमीत सिंह।**

ऋषिकेश अपनी विशेष भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एम्स ऋषिकेश ने चिकित्सा नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए हैं। कहा कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाने वाला यह प्रशिक्षण हेली एम्बुलेंस मेडिकल सर्विस सेवाओं को और अधिक वैज्ञानिक, सक्षम एवं विश्वस्तरीय बनाएगा। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान की हेली एम्बुलेंस मेडिकल सेवाओं को नयी दिशा और गति प्रदान करेगा। इससे उत्तराखंड के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों तक त्वरित व सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे पूर्व हेली एम्बुलेंस सेवा के नोडल ऑफिसर और एम्स के ट्रॉमा सर्जन डॉ. मधुर उनियाल ने एम्स के ट्रॉमा सर्जरी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों के बार मे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को ट्रॉमा विभाग के हेड प्रो. कमर आजम आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री, विभिन्न विभागाध्यक्ष, फेकल्टी सदस्य, हेम्स के टीम लीडर अखिलेश उनियाल आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# डॉ. वीरेंद्र ने जटिल ऑपरेशन कर बचाई मरीज़ की जान



बिजनौर (चिंगारी)। कैलाशवती मेमोरियल अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डा. वीरेंद्र सिंह ने एक बेहद जटिल सर्जरी कर मिसाल कायम की है। मरीज़ के परिजन डा.वीरेंद्र की सराहना कर रहे हैं। पत्रकारों से वार्ता करते हुए डा.वीरेंद्र ने बताया कि उनके अस्पताल में नूरपुर क्षेत्र के ग्राम गांवड़ी पनियाला निवासी 14 वर्षीय विनती को भर्ती किया गया था, उसके गुर्दे में एक बड़ा हाइडिटेड सिस्ट था। यह सिस्ट इतना बड़ा था कि मरीज पिछले तीन महीनों से लगातार कमर के बाएं हिस्से में तेज दर्द से पीड़ित था। डॉ.वीरेंद्र के अनुसार हाइडिटेड सिस्ट कभी-कभी काफी बड़ा हो जाता है और फटने पर मरीज को भयंकर एलर्जिक रिएक्शन, ऐनाफाईलेक्टिक शॉक तथा पेरिटोनाइटिस तक हो सकता है, जो जानलेवा स्थिति पैदा कर सकता है। मरीज द्वारा कराए गए अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन में गंभीर बीमारी की पुष्टि हुई, जिसके बाद तुरंत ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ी। 8 नवंबर 2025 को डॉ. वीरेंद्र सिंह की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर पूरा सिस्ट निकाल दिया। सर्जरी बेहद संवेदनशील और जोखिमपूर्ण थी, लेकिन डॉ.वीरेंद्र की विशेषज्ञता से मरीज को नया जीवन मिल गया। ऑपरेशन के बाद अब रोगी पूरी तरह स्वस्थ है रोगी के परिजनों ने डॉ. वीरेंद्र सिंह और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थिति में भी बेहतर सर्जरी कर उनपर उपकार किया है।

## सूचना

पहले मेरा नाम Deepika था अब मैंने अपना नाम बदलकर Deepika Kumari रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। Deepika Kumari D/o Omprakash Singh निवासी ग्राम अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद, बिजनौर जिला

## खनन में लगे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार ने अपनी टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें निम्न बिंदुओ उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में भागूवाल चेक पोस्ट से प्रत्येक दिन, सैंकड़ों ओवर लोड डम्पर उत्तर प्रदेश में प्रवेश होने में कार्रवाई कराने, तहसील क्षेत्र में खनन माफिया द्वारा अवैध तरीके से हो रहे मिट्टी खनन को लेकर कमर्शियल टैक्टर का उपयोग कराने, परमिशन के आधार पर हो रहे मिट्टी का खनन दिन में कराने, नगर के विभिन्न होटलों में चोरी छिपे पिलाई जा रही शराब बंद कराने आदि के इन सब मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। समस्याओं का हल न होने पर 9 दिसंबर से भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आंदोलन शुरू करेगी। इस अवसर पर कुलदीप मोर, जितेंद्र हुड्डा, कपिल चैधरी, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।


## प्लॉट बिकाऊ है

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- मो. 9639919509, 9759593153, 9411016000





Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor


## आठवां मैच सोनीपत व किरतपुर के बीच हुआ

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्टैब्स ग्राउंड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का आठवां लीग मैच सोनीपत वर्सेस किरतपुर हुआ। टॉस जीतकर किरतपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 92 रन का लक्ष्य दिया। मोनू सिंह ने चार ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच मोनू सिंह रहे सोनीपत की तरफ से, सोनीपत की दूसरी इनिंग खेलते आठ ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। विकास सिंह ने 25 वॉल में 35, अनीस कुरैशी ने 18 गेंद में 40 रन बनाये। सोनीपत से 8 विकेट से मैच जीता। किरतपुर के गेंदबाजों दानिश खान व गौरव ने एक-एक विकेट लिया। अंपायर फैसल तैयब व शाहनवाज अंसारी रहे।


MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।





एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911